बंगाल से आये विस्थापित व्यक्तियों की दशा

260. **श्री अजीत जोगी** : क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि बंगाल से आये विस्थापित लोग, जिन्हें मध्य प्रदेश के "माना कैम्प" में रखा गया था, पर्याप्त सहायता उपलब्ध न होने के कारण कैम्प को छोड़ते जा रहे हैं ;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में क्या प्रबंध किये जा रहे हैं ;

(ग) क्या इस बारे में भ्रष्टाचार और दुरुपयोग संबंधी शिकायतें भी प्राप्त हुई हैं ; और

(घ) यदि हां, तो उन पर क्या कार्यवाही की गई है ?

गृह मंत्री (श्री मुफ्ती मोहम्मद सईद) : (क) से (घ) मध्य प्रदेश सरकार से सूचना एकत्र की जा रही है और सदन के पटल पर रख दी जाएगी।

शस्त्रों के लाइसेंसों का नवीनीकरण

261. **श्री अजीत जोगी** : क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि आयुध अधिनियम में संशोधन किये जाने के पश्चात् शस्त्र-लाइसेंस के नवीनीकरण के लिए निर्धारित की गई नई प्रक्रिया के कारण, लाइसेंस धारकों, विशेष रूप से दूरस्थ आदिवासी क्षेत्रों के लाइसेंस धारकों को कई अनावश्यक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ;

(ख) यदि हां, तो क्या इन नियमों को सरल बनाने के लिए कोई कदम उठाए जा रहे हैं; और

(ग) इस समय केन्द्रीय सरकार के पास नवीनीकरण के ऐसे कितने मामले लम्बित पड़े हैं और वे कब से लम्बित पड़े हैं ?

गृह मंत्री (श्री मुफ्ती मोहम्मद सईद) : (क) अपने-अपने क्षेत्रों में लाइसेंस जारी करने/उनके नवीकरण के लिए लाइसेंस देने वाले प्राधिकारियों के अधिकारों को सीमित करने और अखिल भारतीय स्तर की वैधता वाले लाइसेंसों को जारी करने/उनके नवीकरण करने के लिए केन्द्र सरकार से पूर्व अनुमति प्राप्त करना आवश्यक बनाने के लिए शस्त्र नियम, 1962 को संशोधित करने के फलस्वरूप विभिन्न वर्गों से अनेक अभ्यावेदन प्राप्त हो रहे हैं।

(ख) शस्त्र लाइसेंस जारी करने/नवीनीकरण करने के लिए आवेदकों से प्राप्त अनुरोधों को जल्दी निपटाने के लिए सभी राज्य सरकारों/संघ शासित क्षेत्र प्रशासनों को विस्तृत दिशा-निर्देशक जारी किए गए हैं।

(ग) इस समय 183 मामले नवीनीकरण करने के लिए लम्बित पड़े हैं। ये मामले सितम्बर, 1989 से दिसम्बर, 1989 की अवधि में प्राप्त हुए हैं।

आतंकवादियों द्वारा संचालित रेडियो स्टेशन

262. **श्री अजीत जोगी** : क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि देश के कतिपय भागों में आतंकवादियों द्वारा रेडियो स्टेशन संचालित किए जा रहे हैं ; और

(ख) यदि हां, तो इस सम्बन्ध में अभी तक क्या कार्यवाही की गई है?

गृह मंत्री (श्री मुफ्ती मोहम्मद सईद) : (क) और (ख) इस बारे में कोई समाचार नहीं है। तथापि, राज्य सरकारों से मामले की जांच करने को कहा गया है। राज्य सरकारों से सूचना प्राप्त होने पर सदन के पटल पर रख दी जाएगी।